# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 100 / 2024

## माह मार्च, 2024 में 09वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, अध्ययनरत् विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग के अधिसूचना संख्या 09 / विविध–62 / 2023–889, पटना, दिनांक 05.12.2023 द्वारा राज्य के माध्यमिक / उच्च विद्यालयों के 09वीं एवं 10वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए मासिक / त्रैमासिक / वार्षिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। मासिक / त्रैमासिक / वार्षिक परीक्षा विद्यालय के स्तर पर संचालित होगी। माह मार्च, 2024 के 09वीं की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है:–

**सैद्धान्तिक**

| परीक्षा की तिथि / दिन | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
|---|---|---|
| 16.03.2024<br>(शनिवार) | मातृभाषा<br>(101–हिन्दी, 102–बंगला, 103–उर्दू एवं 104–मैथिली)<br>(पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | 111 – सामाजिक विज्ञान<br>**(अप० 02:00 बजे से अप० 04:45 बजे तक)** |
| 18.03.2024<br>(सोमवार) | 110–गणित<br>(पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक)<br>(दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)<br>गणित के स्थान पर 126.गृह विज्ञान<br>**(पूर्वा० 09:30 बजे से अप० 12:45 बजे तक)** | 113 – अंग्रेजी (सामान्य)<br>**(अप० 02:00 बजे से अप० 05:15 बजे तक)** |
| 19.03.2024<br>(मंगलवार) | द्वितीय भारतीय भाषा<br>(105.संस्कृत, 106.हिन्दी, 107.अरबी, 108.फारसी एवं 109.भोजपुरी)<br>**(पूर्वा० 09:30 बजे से अप० 12:45 बजे तक)** | 112 – विज्ञान<br>**(अप० 02:00 बजे से अप० 04:45 बजे तक)**<br>**(दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)**<br>**विज्ञान के स्थान पर 125–संगीत**<br>**(अप० 02:00 बजे से अप० 04:45 बजे तक)** |
| 20.03.2024<br>(बुधवार) | ऐच्छिक विषय<br>(114–उच्च गणित, 115–वाणिज्य, 116–अर्थशास्त्र, 121–फारसी, 122–संस्कृत, 123–अरबी एवं 124–मैथिली)<br>**(पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक)**<br>(117–ललित कला, 118–गृह विज्ञान, 119–नृत्य एवं 120–संगीत)<br>**(पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक)** | ऐच्छिक विषय<br>(व्यावसायिक ट्रेड)<br>127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile), 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0 / आई0टीज0 (IT/ITes)<br>**(अप० 02:00 बजे से अप० 05:15 बजे तक)** |

**प्रायोगिक परीक्षा**

दिनांक 15.03.2024 (शुक्रवार) को प्रथम पाली में ऐच्छिक विषय यथा–117-ललित कला, 118-गृह विज्ञान, 119-नृत्य एवं 120-संगीत (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के द्वारा 125-संगीत विषय सहित) एवं द्वितीय पाली में व्यावसायिक ट्रेड 127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile), 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0 / आई0टीज0 (IT/ITes) की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी।

**नोट:– दोनों पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है। स्पॉस्टिक (Spastic), दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जायेगा।**

2. विद्यालय के प्रधान का यह दायित्व होगा कि कक्षा 09वीं की वार्षिक परीक्षा से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी छात्र / छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. शैक्षणिक सत्र 2023–24 में कक्षा 09वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार माह मार्च, 2024 की वार्षिक परीक्षा में निश्चित रूप से सम्मिलित होंगे।
4. सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने विद्यालय से वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में **दिनांक 26.03.2024** तक अनिवार्य रूप से तैयार करना / कराना सुनिश्चित करेंगे।

**कक्षा 09वीं के माह मार्च, 2024 की वार्षिक परीक्षा, 2024 का प्राप्तांक प्रविष्टि प्रारूप –**

School code:- School Name:-

(i) सामान्य (General) छात्र / छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | MAT | SCI | SSC | ENG | OPT SUB | OPT -SUB (Vocational) | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |

(ii) दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) छात्र / छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | H.SCI | MUS | SSC | ENG | OPT SUB | OPT -SUB (Vocational) | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |

**विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर**

5. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि वे अपने जिला अवस्थित विद्यालय के प्रधान की बैठक आहूत कर उन्हें वार्षिक परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम **दिनांक 26.03.2024 तक** तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। वार्षिक परीक्षा के आयोजन के समय किसी विद्यालय की मान्यता निलंबित / रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त विद्यालय से निलम्बित / रद्द वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)

Scanned with CamScanner